तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 4 अप्रैल 2024

13 कैंप में 25 का रक्तचाप, शुगर और वजन जांचा



14 गोदाम कीपर व शिफ्ट इंचार्ज के फिर से दर्ज करवाएं बयान



## खबर संक्षेप



गन्नौर। शिविर के दौरान बच्चों की मुख जांच करती डा. निधि।

### मुंह की बीमारियों की जानकारी दी

**गन्नौर।** कैलाना गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर बुधवार को विश्व मौखिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर डा. निधि ने गर्भवती महिलाओं को मुख की बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि मुह की बीमारियों से बचाव के लिए दिन में दो बार ब्रश द्वारा दातों की सफाई बेहद जरूरी है। मुख से संबंधित किसी भी तरही समस्या होने पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्हें तुरंत विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** जिले की एसएजी यूनिट ने अवैध हथियार सहित आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अर्जुन उर्फ फूला निवासी कुमासपुर का है। जांच अधिकारी जयभगवान ने बताया कि उनकी टीम गत 2 अप्रैल को जीटी रोड पर मुरथल फ्लाई ओवर के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक देशी पिस्तौव अवैध व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### श्री सति भाई सेवा दल लगाएगा ब्लड कैंप

**गोहाना।** श्री सति भाई सांई दास सेवा दल 7 अप्रैल को आदर्श नगर स्थित हंसध्वनि ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। इस के साथ निःशुल्क आई चेकअप कैंप और भंडारे के के साथ नए वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया जाएगा। प्रवचन एवं आशीर्वाद के लिए महंत रामसुखदास जी पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक सुखमनी साहिब जी का पाठ होगा। रक्तदान शिविर और आई चेकअप कैंप सुबह 10 बजे प्रारंभ होंगे।

### रेलवे फाटक से युवक की बाइक चोरी

**गोहाना।** लघुशंका से निवृत होकर वापस लौटा तो रेलवे फाटक से बाइक चोरी हो चुकी थी। सन्नी पुत्र धर्मबीर खरखौदा थाने के खेड़ी दहिया गांव का रहने वाला है। 2 अप्रैल की रात को उसने अपनी बाइक को बरोदा ठसका रोड पर महम रेलवे फाटक पर खड़ा किया तथा लघुशंका से निवृत होने लगा। वह लौटा तो बाइक वहां नहीं थी।

### बीईओ कार्यालय में पहुंचे नाराज अभिभावकों ने जमकर की नारेबाजी

# आरटीई के तहत स्कूल नहीं दे रहे दाखिला, अभिभावकों का प्रदर्शन

- अभिभावकों का आरोप, दाखिलों में बाधा बन रहे निजी स्कूल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



सोनीपत। बीईओ कार्यालय में छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते अभिभावक।

हर साल की तरह इस साल भी आरटीई (शिक्षा के अधिकार अधिनियम) के तहत निजी स्कूलों में दाखिलों के लिये विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन अभिभावकों को परेशान किया जा रहा है। इसी परेशानी से तंग आए अभिभावकों ने बुधवार को मॉडल टाउन स्थित बीईओ कार्यालय पर धावा बोला। यहां पर छात्र-अभिभावक संघ के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए अभिभावकों ने निजी स्कूलों और शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। अभिभावकों का कहना है कि अपने बच्चों का दाखिला करने के लिए आवेदन करने वाले अभिभावकों को चक्कर कटवाए जा रहे हैं। अभिभावकों ने अपने बच्चों का दाखिला इस नियम के तहत निजी स्कूलों में करवाने की मांग की है। वहीं चिराग योजना के तहत भी बच्चों के दाखिले करवाने में परेशानी हो रही है।

छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में मॉडल टाउन स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ विभाग की तरफ से किसी प्रकार के सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे। यही नहीं आरटीई व चिराग योजना के तहत वह किन स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवा सकते हैं, इसकी सूची भी सार्वजनिक नहीं की। दाखिले को लेकर किसी प्रकार की गाइडलाइन जारी नहीं की। जिस कारण अभिभावक निजी स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि उनके बच्चों के दाखिले निजी स्कूलों में करवाए जाएं और दाखिला नहीं देने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रवेश कुमारी ने कहा अगर निजी स्कूल नियम के तहत पात्र विद्यार्थियों के दाखिले में बाधा बनते हैं तो अभिभावक संघ की तरफ से आंदोलन किया जाएगा। शिक्षा के अधिकार से किसी को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

#### ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चली हुई है। अभिभावक किसी भी सीएचसी सेंटर पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उसकी कॉपी संबंधित स्कूल में जमा करवानी होगी। अगर कोई निजी स्कूल आनाकानी करता है तो अभिभावक लिखित शिकायतें दें। संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों की सहायता के लिए बीईओ कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। इससे संबंधित कोई भी जानकारी ले सकते हैं।

- **जितेंद्र छिक्कारा**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

#### क्या कहता है कि शिक्षा का अधिकार नियम

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि आरटीई के तहत अभिभावक अपने बच्चों का पहली या इससे नीचे की कक्षाओं में दाखिला करवा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल निर्धारित हैं। अभिभावक अपने घर से एक किलोमीटर की सराउंडिंग दूरी में आने वाले निजी स्कूलों में ही आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते इस दूरी में कोई राजकीय स्कूल ना हो। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटें निर्धारित हैं।

#### ये है चिराग योजना

चिराग योजना के तहत ऐसे परिवार अपने बच्चों का दाखिला मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में करवा सकते हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये या इससे कम है। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी ने पिछली कक्षा राजकीय स्कूल से उत्तीर्ण की हो। योजना में चौथी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी ही दाखिला ले सकते हैं। जिन विद्यालयों में प्राप्त आवेदन निर्धारित सीटों से अधिक होंगे, वहां दाखिले के लिए ड्रा प्रणाली अपनाई गई है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को उम्रकैद

- निर्माणाधीन मकान में दिया था वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



सदर थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन मकान में निर्माण कार्य कर रहे मिस्त्री व मजदूर की चाय देने गई मंदबुद्धि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरूचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को 18 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

#### यह था मामला

एक महिला ने 22 अप्रैल 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसके पति की मौत हो चुकी है। वह निर्माण कार्य में लगने वाले सरिए को लेने के लिए बाजार में चली गई। जाते से समय अपनी 17 वर्षीय बेटी को निर्माण कर रहे मिस्त्री व मजदूर की चाय देकर चली गई। उसकी बेटी चाय लेकर मकान पर पहुंची। जहां उसकी बेटी के साथ बंदेपुर निवासी सुरेंद्र उर्फ काला ने गलत काम कर दिया। वह सरिया लेकर मकान पर पहुंची। जहां उसकी बेटी रोती हुई उसे मिली। उसके कपड़े फटे हुए थे। आरोपित युवक उसे देखते ही भाग गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने महिला थाना खानपुर प्रभारी एसआई उषा को मौके पर बुलाया। एसआई उषा ने बच्ची का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाए। जांच अधिकारी एसआई उषा की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एसएजे सुरूचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषी सुरेंद्र उर्फ काला को 6 पोक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा, साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा-323 में एक साल की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माना, धारा-506 में सात साल कैद की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को 18 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। तीनों सजाएं एक साथ चलेगी। वहीं जुर्माना राशि से 50 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है।

## छत्रपति शिवाजी को दी श्रद्धांजलि

- शिवाजी ने मानवता एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**



गोहाना। छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित बलिदानी स्मारक में छत्रपति शिवाजी की पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डा. सुरेश सेतिया ने की। मुख्य वक्ता शहर की गोशाला के पूर्व अध्यक्ष जयनारायण गुप्ता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी साहस और वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना करके अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उनको 17वीं सदी के सबसे बहादुर शासकों में गिना जाता है। कहा जाता है मुगलों को जो टक्कर शिवाजी महाराज ने दी थी वह कोई शासक नहीं दे पाया। उन्होंने मुगलों को सिर्फ परास्त ही नहीं किया बल्कि उनके भारत में बढ़ते हुए विस्तार को भी रोका। मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने मानवता एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस मौके पर आजाद सिंह दांगी, राजपाल कश्यप, सतवीर पौड़िया, दलवीर आर्य, सुभाष वर्मा, लीलू राम जांगड़ा, चांदराम जांगड़ा, सुरेश वशिष्ठ, राजेश बाजवान, जगत सिंह मलिक, संजीव सुनेजा और उधम सिंह मौजूद रहे।

## सरसों की बिक्री में किसानों को आ रही परेशानी

- कम गुणवत्ता की सरसों एमएसपी से भी कम दाम पर बेचने को मजबूर किसान
- सरसों का एमएसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**



गोहाना। अनाजमंडी में सरसों लेकर पहुंचे हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

किसानों को सरसों की बिक्री में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनाजमंडी में केवल उच्च गुणवत्ता की सरसों को ही एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। थोड़ी कम गुणवत्ता की सरसों को किसान कम भाव पर व्यापारियों को बेचने पर मजबूर हैं। वर्तमान में सरसों की कटाई जोरों पर चल रही है। किसान अनाजमंडी में सरसों लेकर पहुंच रहे हैं।

गांव बुसाना निवासी पवन और सचिन भी बुधवार को अनाजमंडी में अपनी सरसों की फसल लेकर पहुंचे। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा सरसों का एमएसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मंडी में केवल टॉप गुणवत्ता की सरसों की इस भाव पर बिक रही है। किसानों को मध्यम गुणवत्ता की सरसों करीब 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल कम भाव पर व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। सरकार मध्यम गुणवत्ता की सरसों की सरसों के भाव में ढिलाई दे।

## शराब कारोबारी के हत्यारों को सिम देने का आरोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

नेशनल हाईवे-44 पर गुलशन ढाबे की पार्किंग में हमलावरों की गोलियों का शिकार हुए शराब कारोबारी सुंदर मलिक की हत्या में पुलिस ने जीपीएस के लिए सिम खरीदकर भाऊ गैंग के सदस्यों को उपलब्ध कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी रोहतक के गांव बलियाना का हर्ष है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) 9 मार्च की रात करीब दस बजे गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था। वह रात को गाड़ी में ही सो गया था। 10 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे होंडा अमेज कार में साथी संग आए दो युवकों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर सुंदर की हत्या कर दी थी। सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग का शार्प शूटर रहा था। पुलिस ने मामले में सबसे पहले सुंदर के दोस्त गांव कैलाना निवासी सन्नी फौगाट उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया था। उसके बाद अगवानपुर के नवीन को जीपीएस के लिए सिम बेचने के आरोप में पकड़ा था। उसके साथ ही रामनिवास उर्फ कल्लू बुसाना को भी गिरफ्तार कर लिया था। उस पर पुरानी रंजिश के चलते सुंदर को मरवाने का आरोप है। मामले में जींद की नेताजी कॉलोनी निवासी बिट्टू को शरण देने में पकड़ा था।

इसके बाद शार्प शूटर के पिता रोहतक के रिटौली निवासी नरेश उर्फ नेशा को पकड़ा था।अब मामले में मुरथल थाना प्रभारी जसपाल की टीम ने आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह भाऊ गैंग के सदस्यों को मोबाइल सिम देता था। वारदात में प्रयुक्त जीपीएस में लगा सिम भी हर्ष ने उपलब्ध कराया था। उसे छह दिन के रिमांड पर लिया गया है। जिससे उससे अन्य सबूत जुटाए जा सके।

## बीईओ ने सत्र शुभारंभ पर टॉपर बच्चे किए सम्मानित

**गोहाना।** मुंडलाना शैक्षणिक सत्र के सिवाणका गांव स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बुधवार को हवन पूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बी.ई.ओ. बसंत ढिल्लों ने गैर-बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया। बी.ई.ओ. बसंत ढिल्लों ने जिन टॉपर बच्चों को सम्मानित किया, उनमें कक्षा 9 में प्रथम सोनम, कक्षा 8 में प्रथम रितिक, कक्षा 7 में प्रथम दीक्षित, कक्षा 6 में प्रथम यशिता, कक्षा 5 में प्रथम अनन्या, कक्षा 4 में प्रथम लक्ष्य और कक्षा 3 में प्रथम अभय रहे। मेधावी बच्चों को संत लाल शर्मा, देवेंद्र सांगवान, राजेश कुमार और पुष्पा देवी ने भी सफलता का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



गोहाना। गवर्नमेंट हाई स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन में उपस्थित बीईओ बसंत ढिल्लों व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### इंजीनियरिंग कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# नाली-सीवर-जोहड़ में गोबर बहाया तो खैर नहीं

- उपायुक्त ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



सोनीपत। बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

स्वच्छता, सफाई के साथ निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए नाली-सीवर-जोहड़ों को साफ रखना जरूरी है। यदि किसी ने नाली-सीवर-जोहड़ में गोबर डाला तो उस पर जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने सड़क मार्गों के निर्माण कार्य के लिए निर्धारित समयसीमा पर काम पूरा न होने को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी ठेकेदार को पैनल्टी लगाये बिना किसी भी रोड निर्माण को पूर्ण करने के लिए एक्सटेंशन न दी जाए। बुधवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के इंजीनियरिंग कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों तथा विभिन्न कार्यों के लिए जरूरी अनुमति लेने के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी, जिसके लिए उन्होंने नियमों के साथ प्रक्रिया से अवगत करवाया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, एचएसआईआईडीसी, एचएसवीपी, यूएचबीवीएन आदि के जारी कार्यों की गंभीरता से समीक्षा की।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, एसई राजीव गुप्ता, एसई दिनेश राठी, डीटीपी नरेश कुमार, एक्सईएन प्रशांत कौशिक, एक्सईएन पंकज गौड़, एक्सईएन गुलशन कुमार, पंकज सैनी, एचएसवीपी के एस्टेट मैनेजर विजय राठी, पवन कुमार आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### लाइब्रेरी में आए युवक की मोटरसाइकिल चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर स्थित लाइब्रेरी में पढ़ने आए छात्र का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मयूर विहार निवासी अश्वनी नहरा ने बताया कि वह लाइब्रेरी में पढ़ता है। गत 2 अप्रल को अपनी बाइक पर सुभाष चौक स्थित लाइब्रेरी पर आया हुआ था। अपने वाहन को गली में खड़ी करके लाइब्रेरी केंद्र पर चला गया। देर शाम को करीब 4.30 बजे लाइब्रेरी से निकला। उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## आनंद हुड्डा बने सुशासन केंद्र व समन्वय विभाग के जिला प्रमुख

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**



गोहाना। वरिष्ठ नेता आनंद सिंह हुड्डा को नियुक्ति पत्र देते हुए जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद सिंह हुड्डा को पार्टी द्वारा सुशासन केंद्र एवं समन्वय विभाग के जिला प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। बुधवार को भाजपा सोनीपत के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने आनंद सिंह हुड्डा को इस नए पद का नियुक्ति पत्र दिया। उनकी यह नियुक्ति मुख्यमंत्री व हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से विचारविमर्श के बाद की गई।

आनंद सिंह हुड्डा गोहाना हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। वे भाजपा जिला व प्रदेश कार्यकारिणी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली को लेकर पार्टी हाईकमान द्वारा अब उनको सुशासन केंद्र व समन्वय विभाग के जिला प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। अपनी इस नियुक्ति को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राई हलका के विधायक मोहनलाल बड़ौली, राज्य संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा का आभार व्यक्त किया।





# हेल्दी लाइफ के लिए रूल्स ना हों स्ट्रेसफुल


यह सही है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में बैलेंस होना चाहिए। लेकिन इनकी वजह से हमेशा स्ट्रेस लेना और खुद की इच्छाओं को मारना भी सही नहीं है। अच्छी हेल्थ के लिए कैसे हों रूल्स, जानिए।

**हेल्दी फंडा**
**शिखर चंद जैन**



लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच हेल्थ को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। काफी लोग सुबह जल्दी उठकर वॉकिंग, जॉगिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। खान-पान में परहेज बरत रहे हैं और टाइट-डाइट प्लान पर अमल कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी इस अनुशासित जीवनशैली से भी इंसान का मन स्ट्रेस्ड और दुखी हो जाता है, तब लगता है कि हमें दुनिया की सारी अच्छी चीजों से दूर रखा जा रहा है। ऐसे में जब अनुशासन ज्यादा लगे तो इसमें ढील देकर रिलैक्स करने में कोई बुराई नहीं।

**सुकून भी है जरूरी:** अपनी जिंदगी में हर उस चीज को दूर रखना, जो आपको पसंद है, आपको कभी स्वस्थ नहीं रख पाएगी। क्योंकि आप हमेशा दुखी और असंतुष्ट रहेंगे, इसलिए विवेकशीलता और संतुलन के साथ इन चीजों को भी शामिल रखें। जो लोग बहुत कठोर एक्सरसाइज और टेस्टलेस हेल्दी डाइट लेते रहते हैं, उनके लिए लेखिका हाना ब्रोंफमैन ने अपनी किताब 'डू व्हाट फील्स गुड-रेसिपीज, रेमेडीज एंड रूटीन टू ट्रीट योर बॉडी राइट' में लिखा है कि तन-मन स्वस्थ रखने के लिए दुनिया के तमाम हेल्थ नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने आत्मिक आनंद और सुकून का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।



**फिजिकल-इमोशनल-सोशल बैलेंस जरूरी:** आप अपनी वेलनेस का टारगेट तभी अचीव कर पाएंगे, जब खुद को खुश और आनंदित रखेंगे। सही ढंग से सेहतमंद रहने के लिए जिंदगी के फिजिकल, इमोशनल और सोशल तीनों पहलुओं में संतुलन रखना होगा। आपको फिजिकली फिट रहना है तो एक्सरसाइज करें लेकिन खुद को कष्ट न दें। एंज्वॉय करते हुए डांस, स्विमिंग, बैडमिंटन, रेसिंग, वॉकिंग आदि के माध्यम से फिट रह सकते हैं। आपको चटपटी चीजें खाना पसंद हो तो जरूरी नहीं कि आप होटल रेस्तरां या स्ट्रीट फूड खाएं। आप कभी-कभी घर में अपने हाथ से ताजा चटपटी चीजें, जो शुद्ध तेल-मसालों और सब्जियों, फलों के उपयोग से बनी हो, उन्हें खा सकते हैं। आपको लोगों से मिलना-जुलना, हंसी-मजाक करना और दोस्तों के साथ अड्डा जमाना अच्छा लगता है तो जरूरी नहीं कि आप किसी बार में मिलें। इसके लिए आप किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर, लंच या ब्रेकफास्ट पर मिल सकते हैं।

**छोटे कदम उठाएं:** वेलनेस का मूल मंत्र यह है कि आपको जानना चाहिए कि आपके लिए क्या बेस्ट है और आप खुद को स्ट्रेस दिए बिना इसे कैसे अचीव कर सकते हैं? स्ट्रेस देने वाली डाइट, एक्सरसाइज या दूसरे अनुशासन बिल्कुल काम नहीं करते। जो चीजें आपको उदास और परेशान करती हैं वे नुकसान पहुंचाती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग का कहना है कि मन की स्थिति और विचारों का हमारे एनर्जी लेवल पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। वेलनेस कोच का मानना है कि आपको वेलनेस रिजाइम सेट करने के लिए छोटे-छोटे त्याग शुरू करने चाहिए और हर रोज छोटे छोटे कदम उठाते हुए बैड हैबिट्स को अपने रूटीन से निकालकर अच्छी आदतें विकसित करनी चाहिए।

**ऐसा हो वेलनेस रूटीन:** 80 फीसदी हेल्दी रूटीन और अनुशासन के साथ-साथ 20 फीसदी ढील खुद के मन की चीजों के लिए दें। जिम के बाहर यानी किसी पार्क, हरे-भरे स्थान या सी बीच पर रनिंग/वॉकिंग करने की आदत डालें। वेट कंट्रोल या डाइट कंट्रोल के कठिन लक्ष्य निर्धारित करके खुद को सजा न दें। हेल्दी रूटीन और डाइट पर कंट्रोल की अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को एंज्वॉय करें।

**सोशल मीडिया से प्रभावित ना हों:** कभी भी सोशल मीडिया पर दी गई सूचनाओं और जानकारियों से प्रभावित ना हों। इनमें से ज्यादातर फेक हो सकती हैं और आप को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दूसरों की नकल करने की कोशिश भी ना करें क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और जरूरतें अलग होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट से कंसल्ट जरूर करें। *

स्पेशल: 7 अप्रैल, वर्ल्ड हेल्थ-डे

हम हेल्दी लाइफ तभी जी सकते हैं, जब इसके प्रति अवेयर होंगे। इसे अपना अधिकार समझेंगे। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम-माई हेल्थ, माई राइट निर्धारित की है। इसके लिए मुख्य रूप से हमें पौष्टिक-संतुलित भोजन, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल को अपनाना होगा। इसके लिए हमें किन बातों पर ध्यान देना होगा, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्दी लाइफ के लिए हम समझें माई हेल्थ-माई राइट

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल**
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

अन्न, जल, और वायु हमारी मूलभूत जरूरतें ही नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। लेकिन आज के दौर में अनजाने ही हम अच्छी सेहत के लिए जरूरी इन मूलभूत जरूरतों को इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को ही दरकिनार करते जा रहे हैं। पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं में की जाने वाली छेड़छाड़ की वजह से जलवायु संकट बढ़ रहा है और प्राकृतिक संसाधन दूषित होते जा रहे हैं। फलस्वरूप इनके विशुद्ध रूप का उपयोग करने से हम वंचित हो रहे हैं। वहीं व्यस्ततम आधुनिक जीवनशैली और खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों की वजह से पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन नहीं कर पा रहे हैं। जिसका खामियाजा बिगड़ती सेहत के रूप में खुद हम ही भुगत रहे हैं। इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से 'माई हेल्थ-माई राइट' का आह्वान किया है, ताकि हर व्यक्ति अच्छा पोषण, साफ-सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ वायु जैसी मूलभूत जरूरतों का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवन जी सके।

## पौष्टिक-संतुलित भोजन

पोषक और संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। ऐसा आहार जिसमें मोटे तौर पर ये दो फूड ग्रुप्स जरूर होने चाहिए- मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट्स) और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स)। आहार से प्राप्त पोषण न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों को करने में हमें उर्जा प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। इम्यूनिटी बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद मिलती है। व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। खासकर वेगन डाइट से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाइरॉयड, हाई कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड जैसी क्रॉनिक डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों की वजह से हमारे खाने की थाली में बदलाव आए हैं। बहुधा पोषक तत्वों की कमी मिलती है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक न मिलने पर कुपोषण की समस्या आ जाती है, व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वह आसानी से कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। इनकी कमी से कुपोषण, एनीमिया के अलावा कई बीमारियां होने की संभावना रहती है। जैसे- विटामिन ए की कमी से अंधापन हो सकता है। विटामिन डी की कमी से हड्डियां,दांत और मांसपेशियां कमजोर रह जाती हैं। वयस्कों में थकान, एनीमिया, डिप्रेशन, फैटी लीवर, ऑस्टियोपोरोसिस,उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



## कैसे करें बचाव

प्रोसेस्ड, जंक या फास्ट फूड के बजाय घर के बने खाने को वरीयता दें। संतुलित आहार के लिए अलग-अलग वैरायटी के खाने को शामिल करें। खाने की थाली में इस विविधता से एक तो जायका बढ़ता है, दूसरे पौष्टिक तत्वों में इजाफा भी होता है। हरेक मील में सभी फूड ग्रुप का सेवन करें यानी खाने की प्लेट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), हड्डियों आदि को मजबूती देने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिन और मिनरल) फूड्स होने चाहिए।



## शुद्ध-सुरक्षित पेयजल

पानी मनुष्य को जीवित रहने के लिए बहुत जरूरी है। यहां तक कि मानव शरीर के तकरीबन 70 प्रतिशत भाग में पानी विद्यमान होता है। एक व्यक्ति कुछ हफ़्ते तक बिना खाए रह सकता है, लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह रहना भी मुश्किल हो जाता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए शुद्ध-सुरक्षित पेयजल जरूरी है। लेकिन आज हमारे सामने पानी का संकट बड़ी समस्या है। इसके पीछे वनों का कटाव, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और इकोलॉजिकल सिस्टम में असंतुलन मुख्य कारण हैं। दुनिया भर में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में करीब 400 मिलियन लोग रहते हैं। करीब 6.5 अरब लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी का नियमित सेवन शरीर के समुचित संचालन के लिए आवश्यक है।

पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। पाचन-प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाता है। पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। शरीर में सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखता है, जो सेलुलर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है जो तंत्रिका संचार, हृदय कार्य और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। रक्त प्रवाह (जिसमें 83 प्रतिशत पानी होता है) के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाकर शरीर को पोषण प्रदान करता है। अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। शरीर का तापमान नियंत्रण करता है।

## स्वास्थ्य पर असर

बैक्टीरिया या वायरस की वजह से प्रदूषित पानी पीने से गैस्ट्रो इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति को पेट दर्द, डायरिया, उल्टियां, हैजा, टाइफायड, बुखार, हेपेटाइटिस ए जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जल स्रोत के रसायनों या कीटनाशकों की वजह से कैंसर और हृदय संबंधी दीर्घकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।



## कैसे करें बचाव

- प्रदूषित स्थान का पानी न पिएं। पानी उबालकर पिएं।
- फिल्टर, आरो जैसे वॉटर प्यूरीफायर से शुद्ध पानी या क्लोरीन टेबलेट से साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- वातावरण को साफ रखें, प्राकृतिक जल स्रोतों में कूड़ा न डालें। गंदा-संक्रमित पानी न पिएं। *

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

## स्वच्छ वायु भी है बहुत जरूरी

**हम सभी** को जीने, और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ हवा की भी आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान दौर में स्वच्छ वायु बामुश्किल नसीब होती है। वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी के कण, गैस, ईंधन, धुंआ , रसायन जैसे प्रदूषक तत्व हवा को प्रदूषित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के 97 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। दूषित वायु से हर 5 सेकेंड में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा रहा है।



**स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:** स्वच्छ वायु न मिलने पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व व्यक्ति के श्वसन तंत्र के माध्यम से शरीर तक पहुंचने लगते हैं। शरीर में आक्सीडेटिव तनाव, इंफ्लेमेशन का कारण बनते हैं। जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों, विशेषकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। म्यूकोसल इम्यूनिटी को हानि पहुंचती है और बार-बार बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। एलर्जिक सर्दी-खांसी-जुकाम या कफ-कोल्ड की समस्या होने लगती हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वायु के संपर्क में रहने पर व्यक्ति को कई तरह के रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, फेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** घर से बाहर जाते समय यथासंभव मास्क पहनें, इंडोर एयर को स्वच्छ बनाने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। वेंटिलेशन का पूरा ध्यान रखें। एयर सर्कुलेशन को अच्छा बनाने के लिए दिन में कम से कम 2 बार कमरे की खिड़कियां-दरवाजे खोलकर रखें। प्रदूषण-रोधी इंडोर प्लांट्स जैसे- मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, आरीका पाम, रबर प्लांट, एलोवेरा लगाएं। ये पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर वातावरण को साफ रखने में मदद करते हैं।

**घरेलू औषधि/ रेखा देशराज**

# गुणों का भंडार लहसुन

अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्व:** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6,



एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोग:** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *

**अवेयरनेस**
**डॉ. माजिद अलीम**

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या

एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारण:** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।



**क्या है ग्लूकोमा:** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।



**ऐसे होती है जांच:** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षण:** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीके:** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *

**मेडिकल सजेशन**
**विनीता**

विटिलिगो यानी सफेद दाग स्किन पर होने वाली प्रॉब्लम है। इस वजह से स्किन पर व्हाइट स्पॉट्स दिखने लगते हैं। क्यों होता है ऐसा, कैसे करें इससे बचाव और क्या है इसका उपचार, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# विटिलिगो पॉसिबल है ट्रीटमेंट

हालांकि विटिलिगो स्किन से जुड़ी ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से कोई शारीरिक तकलीफ नहीं होती लेकिन इसे लेकर कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं, जिनके कारण ऐसी समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जिसमें व्यक्ति की इम्यूनिटी उसकी स्किन में कलर कंट्रोल करने वाले मेलानोसाइट्स सेल्स को धीरे-धीरे नष्ट करने लगती है। इससे स्किन पर सफेद धब्बे नजर आने लगते हैं।

**क्या है वजह :** आनुवंशिकता इसकी प्रमुख वजह मानी जाती है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि इससे पीड़ित व्यक्ति की संतानों को भी यही समस्या हो। कुछ लोगों के शरीर पर छोटे आकार के गोल धब्बे बनने लगते हैं और उस स्थान से रोएं भी गायब होने लगते हैं, इसे एलोपेशिया एरियाटा कहा जाता है। कई बार यह समस्या भी विटिलिगो का कारण बन जाती है। बर्थ मार्क या मस्से के आस-पास की त्वचा के रंगत में बदलाव होने के बाद भी विटिलिगो की समस्या हो सकती है। बिंदी में लगी गोंद या फुटवियर के के कारण भी ऐसी समस्या हो सकती है, इससे बचाव के लिए ऐसी चीजें खरीदते समय क्वालिटी का ध्यान रखना चाहिए। अधिक केमिकल एक्सपोजर भी इसकी बड़ी वजह है। अगर कोई व्यक्ति ऐसी फैक्ट्री में काम करता है, जहां अधिक मात्रा में केमिकल का इस्तेमाल होता है, तो उसे भी ऐसी समस्या हो सकती है।



**प्रमुख लक्षण:** अगर त्वचा की रंगत में सफेदी आने के साथ आस-पास के रोएं भी सफेद होने लगें तो यह विटिलिगो का लक्षण हो सकता है। आमतौर पर ऐसे दाग में खुजली या दर्द का एहसास नहीं होता और त्वचा की संवेदनशीलता भी बनी रहती है। गर्मी के मौसम में त्वचा के प्रभावित हिस्से में जलन हो सकती है।

**बचाव-उपचार :** यह ऑटो इम्यून डिजीज है, ऐसी बीमारियों के लिए मानसिक तनाव को काफी जिम्मेदार माना जाता है, इसलिए हमेशा तनावमुक्त रहें। कुछ लोगों की त्वचा अति संवेदनशील होती है। ऐसे लोगों को तेज गंध वाले साबुन, हेयर कलर, परफ्यूम, डियो और कीटनाशकों से दूर रहना चाहिए। कुछ लोग दाग छिपाने के लिए उसके उपर टैटू बनवा लेते हैं, ऐसा कभी नहीं करें। इससे दाग फैल सकता है।

इसके उपचार के लिए स्किन ग्राफ्टिंग का इस्तेमाल किया जाता है, यानी किसी एक जगह की त्वचा को निकाल कर उसे प्रभावित हिस्से पर लगाया जाता है। इससे दाग तो छिप जाता है, लेकिन स्टिच के हल्के निशान दिखाई देते हैं। सक्शन ब्लिस्टर एपिडर्मल ग्राफ्टिंग के जरिए त्वचा को वैक्यूम के माध्यम से दो भागों में विभाजित करके दाग वाले हिस्से पर सामान्य त्वचा को रखा जाता है। इससे त्वचा की रंगत बनाने वाला तत्व मेलेनिन दाग वाले स्थान में समा कर त्वचा की रंगत को समान बना देता है, इसमें स्टिच लगाने की जरूरत नहीं होती। इसके अलावा कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल होता है। फोटो थेरेपी भी उपचार में बहुत मददगार साबित होती है। इसके जरिए सूरज की अल्ट्रावॉयलेट किरणों की मदद से त्वचा की रंगत को दोबारा वापस लौटाने की कोशिश की जाती है। इसमें प्रभावित हिस्से में लोशन लगाकर रोजाना मरीज को धूप में आधे घंटे के लिए बैठने को कहा जाता है। आजकल ट्रीटमेंट के लिए एग्जाइमर लेजर विधि का भी इस्तेमाल किया जाता है। उपचार के इन तरीकों से विटिलिगो को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए अगर कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए विशेषज्ञ से कंसल्ट करना चाहिए। *

**(मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम में एचओडी-डर्मेटोलॉजी डॉ. रमनजीत सिंह से बातचीत पर आधारित)**

**आमंत्रित हैं लेख...**
स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## गर्ल्स कॉलेज का दीक्षांत समारोह 6 अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्रथम दीक्षांत समारोह और द्वितीय पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार 6 अप्रैल को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमडीयू के शैक्षणिक मामलों के डीन प्रो ए.एस. मान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमडीयू के रजिस्ट्रार प्रो गुलशन लाल तनेजा उपस्थित रहेंगे। समारोह में वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाली लगभग डेढ़ सौ छात्राओं को स्नातक उपाधि प्रदान की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**बहादुरगढ़।** घर से स्टेडियम में जाने के लिए निकला एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन उसे तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है।

## मतदाताओं से की अधिक से अधिक वोटिंग की अपील

**झज्जर।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली निशानेबाज खिलाड़ी पलक ने मतदाता जागरूकता अभियान का समर्थन करते हुए आमजन से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी करते लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आहवान किया है। 18 वर्ष पूरी कर चुके युवाओं से वोट बनवाने की अपील की।

### राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

### पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द

अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गाड़ी, नीचे उतरकर गाड़ी के पीछे लगा रहा था पेड़ की टहनी, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास वाहन की टक्कर से टेंपो ट्रैवलर चालक की मौत हो गई। बहालगढ़ में उनकी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। वह नीचे उतरकर गाड़ी के पीछे पेड़ की टहनी लगा रहा था। उसी दौरान अन्य वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है। रोहिणी दिल्ली निवासी नरेश मलिक ने बताया कि वह टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी चलाता है। उसके पास पंजाब के जिला जालंधर के गांव विर्क पट्टी बहोदीपुर निवासी सरबजीत सिंह टेंपो ट्रैवलर पर चालक के तौर पर कार्यरत था। गत सोमवार को वह गाड़ी लेकर दिल्ली से पानीपत की ओर जा रहा था। जब गाड़ी बहालगढ़ के पास पहुंची तो डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी चालक सरबजीत अन्य वाहन चालकों को गाड़ी में टकराने से बचाने के लिए संकेतक के तौर पर गाड़ी के आसपास पेड़ की टहनियां तोडकर रखने लगा। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने सरबजीत को चपेट में लि। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**चालक की तलाश जारी**

जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चालक की शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## गाड़ी व सामान छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने गाड़ी के सामने गाड़ी अड़ाकर चालक को बंधकर बनाकर गाड़ी व सामान लूटने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमरजीत निवासी दरभंगा बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव ईशानगर मध्यप्रदेश निवासी मुन्ना खां ने गत 17 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह गाड़ी चालक है। वह गाड़ी को लेकर सोनीपत ब्रांच में जाने के लिए निकला था। रात करीब 3 बजे नाथुपुर मोड़ पर पहुंचा। उसी दौरान उसकी गाड़ी के आगे आकर गाड़ी रूकी। उसमें से पांच लड़के उतरकर आए। कहने लगे कि वह एक्सीडेंट करके आया है। उसके बाद उसकी गाड़ी की चाबी छीनकर कैंटर के पास खड़े लड़के को दे दी। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठाकर चले गए। उसे 20-25 किलो मीटर तक घुमाते रहे।

# चिराग-आरटीई के तहत दाखिले की मांग उठाई

- समता सैनिक दल एवं हरियाणा संयुक्त कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



मॉडल टाउन स्थित बीईओ कार्यालय में पहुंचें दल और मंच के पदाधिकारी।

समता सैनिक दल एवं हरियाणा संयुक्त कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले मॉडल टाउन स्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोनीपत में बैठक की गई। बैठक में चिराग योजना तथा आरटीई के तहत दाखिलों की मांग उठाई गई। इसके अलावा 10 अप्रैल को होने वाले डा. भीमराव अंबेडकर जयंती में शामिल होने के लिये सदस्यता ग्रहण करवाई गई। दूसरी मीटिंग दोपहर में नगर पालिका कर्मचारी संघ सोनीपत के नेताओं से मीटिंग की गई और 10 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती में शामिल होने की तैयारी की गई। आज की दोनों मीटिंगों की अध्यक्षता समता सैनिक दल के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव चौहान ने की और दोनों जगह सभा संचालन हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महा-सचिव आरके नागर ने किया। इस दौरान भारत कनडेरा, नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई सोनीपत, जोगेंद्र सिंह पूर्व प्रधान नगर पालिका कर्मचारी संघ, मुकेश मूल निवासी सफाई कर्मचारी यूनियन, जय किशन स्वामी व करतार सिंह बौद्ध तथा प्रताप सिंह रंगा, यशवंत राव चौहान, महावीर सिंह नागर, मंच के राज्य कोषाध्यक्ष आदि ने अपने विचार रखें।



**सोनीपत।** स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## कैंप में 25 का शुगर, रक्तचाप और वजन जांचा

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सेक्टर 14 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित शिविर में रक्तचाप, शूगर की जांच, वजन की जांच करने के उपरांत चिकित्सकों ने परामर्श दिया। अध्यक्षता संस्था प्रधान बीआर आहुजा ने की। शिविर डॉ. डीबी रावल के निर्देशन में डॉ. इन्दु कपूर, डॉ. सविता कुमार और डॉ. हरीश चंद्र कुमार द्वारा जांच की गई जिसमें 25 व्यक्तियों की शूगर, रक्तचाप और वजन की जांच की गई। इस जांच में सुरेश रेलन सहायक ने कार्य किया। जांच के पश्चात डाक्टरों की टीम ने दवाई के अतिरिक्त स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु खानपान एवं सावधानी रखने हेतु उचित दिशा-निर्देश तथा परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में बीआर आहूजा प्रधान के अतिरिक्त ओपी एलावादी, हरभगवान रहेजा, रविन्द्र कुकरेजा, हरिचंद स्नेही, रामफल वर्मा, राम किशन बत्रा, मदन लाल कत्याल, अशोक भगत, रविन्द्र कुकरेजा, मुकेश मल्होत्रा, लाजपत मुंजाल, कौशल्या चराया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला का डेबिट कार्ड बदल 15 हजार निकाले

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित एटीएम पर नकदी निकलवाने गई महिला का डेबिट कार्ड बदलकर 15 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की तलाश के लिए सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

दिल्ली हाल में कुंडली स्थित पानी के प्लांट पर किराए पर रहने वाली बलजीत कौर ने बताया कि उसके पति हरजीत सिंह की मौत हो चुकी है। वह अपने बेटे व बहू के साथ रहती हैं। उन्हें बेटे व बहू को पूजा कराने के लिए पंजाब लेकर जाना था। जिसके लिए वह प्याऊ मनियारी स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने के लिए गई थी। जब वह रुपये निकाल रही थी तो उसके पीछे एक युवक आकर खड़ा हो गया। युवक एटीएम मशीन की स्क्रीन पर कुछ लिखने लगा। जिसे वह समझ नहीं सकी। उसने युवक को कहा कि वह रुपये निकालना जानती हैं। उसके बाद भी वह मशीन को छेड़ता रहा। अचानक युवक ने उनसे कहा कि आपके मोबाइल पर मैसेज आया है।

# गोगी व कपिल मान गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने जितेंद्र मान उर्फ गोगी व कपिल मान उर्फ कल्लू गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अभिमन्यू व हिमांशु बताये गये हैं। दोनों शूटर झज्जर, हरियाणा के रहने वाले हैं।

एक बदमाश रोहतक के आपराधिक धमकी देने के मामले में भी वांछित था। इनके पास से .32 बोर की दो पिस्टल, आठ कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ हत्या, हथियार के साथ डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार 30 मार्च की मध्यरात्रि जहांगीरपुरी और रोहिणी के आसपास के इलाकों में गोगी-कपिल मान गिरोह के करीबी हिमांशु और अभिमन्यु की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। एसटीएफ की टीम ने कैलाश फार्म रोड, श्मशान घाट मोड़, अलीपुर के पास दोनों को बिना नंबर प्लेट बाइक पर आते देख रुकने का इशारा किया। लेकिन दोनों ने भागने की कोशिश की और पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। इनके कब्जे से बरामद बाइक संगम विहार क्षेत्र से चोरी की गई थी। हिमांशु ने अपने दोस्तों सुमित, हर्ष उर्फ मिथुन, सागर उर्फ राणा के साथ मिलकर 2021 में अपने गांव असौधा में दो लोगों की हत्या कर दी थी। उस मामले में वह दो साल तक जेल में रहा।

जेल में ही वह अभिमन्यु के संपर्क में आया था। बाहर आने के बाद उसने प्रेमिका के परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ आर्य समाज मंदिर में उससे शादी कर ली थी। शादी के बावजूद युवती जब मायके में ही रही और हिमांशु के घर नहीं आई, तब उसने लड़की पक्ष को धमकी दी कि अगर उसकी प्रेमिका उसके घर नहीं आयी, तो वह उसके परिवार के सभी सदस्यों को मौत के घाट उतार देगा। इसके बाद युवती के परिजनों ने हिमांशु के खिलाफ बहुअकबरपुर, रोहतक में एफआईआर दर्ज कराई थी। एक सामान्य संपर्क के माध्यम से वह खेड़ा निवासी कपिल मान उर्फ कल्लू के संपर्क में आया। कपिल रोहिणी जेल में मारे जा चुके गोगी का करीबी रहा है। वह वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। कल्लू के इशारे पर वह एक मर्डर की योजना बना रहा था। इसके बाद हिमांशु अपने ससुर की हत्या करने की भी साजिश रच रहा था।

# पिस्टल से केक काटने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पंजाबी बाग के एक क्लब में पिस्टल से केक काटे जाने के वायरल वीडियो की पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि केक काटने में इस्तेमाल पिस्टल नुमा चीज लाइटर है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वीडियो की सत्यता के बारे में कुछ अधिक जानकारी अगर किसी के पास है तो पुलिस को मुहैया करवाएं। डीसीपी विचित्र वीर का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पंजाबी बाग क्लब रोड के एक क्लब में पिस्टल से केक काटा जा रहा है। मामला संज्ञान में आने पर वीडियो का स्लो मोशन में विश्लेषण किया गया, लेकिन वीडियो की गुणवत्ता काफी अधिक खराब होने के कारण यह पता नहीं चल सका कि दिखाई जा रही वस्तु का ट्रिगर दबाने पर वास्तव में क्या हो रहा है। मामले में पूछताछ के लिए क्लब के मालिक को तुरंत पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि एक खिलौनानुमा लाइटर-पिस्तौल वे अपने ग्राहकों को जन्मदिन मनाने के लिए मोमबत्तियाँ जलाने के लिए देते हैं। लेकिन निष्कर्ष निकालने से पहले मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस की आम लोगों से भी अपील है कि किसी के पास वीडियो के बारे में अधिक जानकारी हो तो पुलिस को बताये। हम उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# जिला सत्र न्यायधीश ने किया कॉरिडोर का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यवान राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की

शहर के अदालत परिसर से अधिवक्ताओं के चैंबरों की कनेक्टिवटी के लिए कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसका शिलान्यास बुधवार को जिला सत्र न्यायधीश अजय तेवतिया ने उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी वर्षा शर्मा की उपस्थिति में किया। बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यवान राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सचिव राजदीप छिल्लर और सह सचिव सौरभ शर्मा आदि ने न्यायधीशों का स्वागत किया। जिला सत्र न्यायधीश अजय तेवतिया व एसडीजेएम वर्षा शर्मा ने बार परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान बार पदाधिकारियों ने उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया। परिसर में नए एनरोल्ड वकीलों के लिए नए चैंबर बनवाने को जगह अलॉट करने की सिफारिश की। डिस्ट्रक्टि एंड सेशन जज ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। साथ ही उम्मीद जताई कि कॉरिडोर बनने के बाद वकीलों को काफी सुविधा होगी। कॉरिडोर के निर्माण के लिए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सांसद निधि कोष से 11 लाख रुपए बार एसोसिएशन को दिए थे। इस मौके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी धर्मपाल सिंह, मोहम्मद इम्तियाज खान, गरिमा यादव, सुमन व मनीषा भी मौजूद रहे। इनके अलावा उपप्रधान संदीप कौशिक, कोषाध्यक्ष रणजीत राठी, राजेंद्र कादियान, उमेद दहिया मौजूद रहे।

# नंबदारों ने समस्याओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** बालौर में हुई बैठक में मौजूद नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

बालौर गांव के डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में नंबरदारों की मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता बहादुरगढ़ नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान सुरेश कुमार सराय औरंगाबाद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आजाद सिंह खांडेवाला उपस्थित हुए। इस मीटिंग में नंबरदारों ने अपनी मांगों और समस्याओं पर मंथन किया। साथ ही एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया मुख्य अतिथि आजाद सिंह खांडेवाला ने बताया कि आज नंबरदार के पद खतरे में पड़े पड़े हुए हैं। नंबरदारों की वर्षों की मेहनत और ईमानदारी को सरकार ने एक लेटर डाल कर खतरे में ला कर खड़ा कर दिया है। नंबरदारों के 60 वर्ष के बाद मेडिकल और 75 वर्ष के बाद पद खत्म करने पर सरकार तुली हुई है। नंबरदारों को अपने पद की मर्यादा व सम्मान को बरकरार रखने के लिए इकट्ठा होना ही पड़ेगा। अगर सरकार कोई कार्य नहीं करवाएगी, तो नंबरदार स्वयं दूसरा कार्य करने पर अमादा होंगे। संजय राठी खरहर, सुरेंद्र, हुकम सिंह राठी सांखौल, धर्म सिंह बालौर, जोगिंदर बराही, अशोक मांडोठी मौजूद रहे।

# दस महिलाएं नवरात्र से एक दिवसीय डूसू अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी

- दिल्ली विवि छात्र संघ शुक्रवार को नामों की करेगा घोषणा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व वाले छात्र संघ ने बुधवार को कहा कि दस महिला छात्राएं नवरात्र के पहले दिन से एक दिन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ शुक्रवार को उनके नामों की घोषणा करेगा और इनमें से पहली छात्रा नौ अप्रैल को कार्यभार संभालेगी। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने बताया कि नवरात्र के प्रत्येक दिन नारीशक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक महिला डूसू अध्यक्ष के रूप में इसकी कमान संभालेंगी। हमने छात्र राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है। उन्होंने कहा कि इन एक दिवसीय डूसू अध्यक्षों के पास अध्यक्ष की सभी शक्तियां होंगी और उन्हें पद पर रहते हुए छात्रों से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति होगी। वर्तमान में डूसू के चार सदस्यीय पैनल में केवल एक महिला अपराजिता को सचिव नियुक्त किया गया है। संघ के अन्य तीन पदों पर तुषार डेढ़ा अध्यक्ष, अभि दहिया उपाध्यक्ष और सचिन बैसला संयुक्त सचिव हैं।

### पश्चिमी जिले के सुभाष नगर इलाके का मामला

# एमटीएनएल का केबल चुराने वाले सात धरे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिमी जिले की राजौरी गार्डन पुलिस ने सुभाष नगर इलाके से लाखों कीमत की एमटीएनएल केबल चोरी करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये लोगों के नाम निहाल, मो इसराइल, फाजिल, अब्दुल बारीक, मो शाहिद, फिरदौस और रंजीत बताये गये हैं। सभी गाजियाबाद, दिल्ली के खजूरी, मटियाला, सरोजिनी नगर, द्वारका और राणा जी एंक्लेव के रहने वाले हैं। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इनके पास से 300 फीट एमटीएनएल केबल बरामद किया गया है। चोरी की वारदात में इस्तेमाल चैंपियन टेंपो और एक गाड़ी को भी जब्त किया है। यह वारदात 31 मार्च को सुभाष नगर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पास हुई थी। केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। इसके बाद एक-एक कर सभी लोग गिरफ्तार किये गये।

## हत्थे चढ़े जहरखुरानी गैंग के तीन बदमाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी की कई घटनाओं में शामिल एक जहर खुरानी गिरोह का अपराध शाखा ने भंडाफोड़ किया है। आजाद गिरोह के नाम से फेमस इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 32 स्लिपिंग पिल्स, पाउडर, ब्लेड बरामद, एक पिस्तौल और दो कारतूस व और दो चोरी के दोपहिया वाहन बरामद हुये हैं। डीसीपी संजय कुमार सेन के अनुसार पिछले दिनों ऐसी कई घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें दिल्ली और एनसीआर में सक्रिय जहरखुरानी गिरोहों ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और व्यस्त बाजारों में कई व्यक्तियों को बेहोश कर लूटपाट की थी। ऐसी घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा ने एसीपी राजकुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया था। मंगलवार को टीम को सूचना मिली कि आजाद गैंग के सदस्य अपने गैंग लीडर आजाद के साथ मोरी गेट बस स्टैंड के पास आएंगे। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और मुखबिर की पहचान होने पर तीन लोगों को पकड़ा गया। सभी एक ऑटो में सवार थे। पूछताछ करने पर इनके नाम मोहम्मद आजाद, आसिफ उर्फ जुबेर और साबिर पता चलें। गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी और लूट की करीब 100 वारदातें कर चुके हैं।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन एकेडमिक्स फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट टीचर्स एसोसिएशन (एएटीडीए) ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बुधवार को डीयू के नॉर्थ कैंपस में लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ के बैनर के साथ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया और अन्य विश्विध्यालों के सैकड़ों शिक्षकों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अपना रोष व्यक्त किया। डूटा के पूर्व अध्यक्ष और एएटीडीए के राष्ट्रीय प्रभारी आदित्य नारायण मिश्रा भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि भाजपा द्वारा अरविंद केजरीवाल की अवैध ढंग से की गई गिरफ्तारी विपक्ष को समाप्त करने का प्रयास है। केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर सकती है लेकिन उनकी सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकती।

# पत्नी और दो बेटियों की हत्या के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिल न्यायालय ने करीब 10 वर्ष पहले पत्नी और दो बेटियों की हत्या के एक मामले में दोषी व्यक्ति को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई साथ ही दोषी पर 68 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर जिला न्यायाधीश (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम) विजय कुमार की अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर दोषी अमित को पत्नी सरला और दोनों बेटियों की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही दोषी पर 68 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक, 26 मई 2014 को नोएडा के भंगेल गांव में रहने वाली सरला और उसकी दो बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद मृतका के पिता ने उसके पति अमित, सास सुखबीरी, ससुर राधेश्याम, जेठ देवेंद्र व ललित के खिलाफ थाना फेस-दो में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था।

**PUBLIC NOTICE**

Plot No. 30 & 55, HSIIDC, Udyog Kunj, Jatheri, Distt. Sonipat measuring 168 Sq. meters or 201 Sq. yards was allotted by HSIIDC in favor of M/s Diamond Packers vide allotment Letter dated 02/08/1995 for setting up an approved project but allotment Letter dated 02/08/1995 was issued by HSIIDC has been lost somewhere and the same was not traceable, In this regards a FIR already lodged for the same to Police Station, Crime Brach, Delhi, Further applied with HSIIDC for transfer of plot. Now, all concerned is informed through this newspaper if any body has any objection give in writing to Estate Manager, HSIIDC, KUNDLI, Distt. Sonipat-131028, Haryana within 30 days from the date of published this Notice. Otherwise, HSIIDC is fully rights to issue the re-allotment letter of the captioned plot in favor of Mrs. SEEMA W/o Sh. Ajay Kumar according to transfer permission letter no. HSIIDC/K/ESTATE-1736 dated 06/12/2023.

**PUBLIC NOTICE**

Plot No. 1520, HSIIDC, Phase-I, Sector-38, Industrial Estate, Rai, Distt. Sonipat measuring 450 Sq. meters was allotted by HSIIDC in favor of M/s GANDA RAM HUKAM CHAND vide Regular Letter of Allotment bearing no. HSIIDC:384 dated 31/05/2001 for setting up an approved project but original Regular Letter of Allotment bearing no. HSIIDC:384 dated 31/05/2001 was issued by HSIIDC has been lost somewhere and the same was not traceable, In this regards a FIR already lodged for the same to Police Station, Crime Brach, Delhi, Further applied with HSIIDC for transfer of share-holding of the firm. Now, all concerned is informed through this newspaper if any body has any objection give in writing to Estate Manager, HSIIDC, RAI, Distt. Sonipat-131029, Haryana within 30 days from the date of published this Notice. Otherwise, HSIIDC is fully rights to issue the re-allotment letter of the captioned plot in favor of firm M/s GANDA RAM HUKAM CHAND according to transfer permission letter no. HSIIDC/RAI/ESTATE-24:1156 dated 21/02/2024.

## खबर संक्षेप

### फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

**बहादुरगढ़।** इलाके में आपराधिक वारदात बढ़ रही हैं। लोगों को फोन पर कॉल कर जान से मारने की धमकी देना अब आम बात हो गई है। इलाके के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति के पास भी ऐसी ही धमकी भरी कॉल आई है। कॉलर ने पीड़ित और उसके परिवार को गोली मारने की धमकी दी है। गांव खरहर निवासी पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात राज सिंह के साथ हुई है। राज सिंह का कहना है कि मंगलवार की रात करीब आठ बजे एक नंबर से उसके पास कॉल आई। कॉल रिसीव की तो एक शख्स अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंदी गालियां देने लगा।

### तीस हजार रुपये व चांदी के आभूषण चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भंभेवा में चोरों द्वारा अलमारी के लॉकर का ताला तोड़ कर तीस हजार रुपये व चांदी के आभूषण चुराए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में भंभेवा निवासी श्रवण पुत्र मुख्त्यार सिंह ने बताया कि वह मंगलवार की रात्रि अपने घर की गैलरी में सोया हुआ था। बुधवार की सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसके कमरे में रखी अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। जब उसने सामान का निरीक्षण किया तो अलमारी में रखी करीब तीस हजार रुपये की नकदी, चांदी सिक्के व आभूषण चोरी हो चुके थे।

### चीनी मिल गोदाम मामला: गोदाम में बिना रिकॉर्ड के मिले थे 972 चीनी के भरे बैग

# एसडीएम ने गोदाम कीपर व शिफ्ट ईंचार्ज के फिर से दर्ज करवाए बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के चीनी मिल परिसर में बने गोदाम में बिना रिकार्ड के लाखों रुपये कीमत चीनी के भंडारण के गड़बड़ झाले के मामले में जांच अधिकारी गन्नौर एसडीएम ने बुधवार को चीनी मिल के गोदाम का दौरान किया। साथ ही उन्होंने गोदाम कीपर व शिफ्ट ईंचार्ज के फिर से बयान दर्ज किए है। साथ ही मामले में नोटिस पाने वाले 15 कर्मचारियों को बुधवार को बुलाया गया था। मामले में जांच अधिकारी की तरफ से एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करके उपायुक्त को सौंपने की बात कही जा रही है।

#### यह था मामला

शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में गड़बड़ी का मामला नया नहीं है। पहले भी गोदाम में चीनी के अतिरिक्त बैग मिलने का मामला सामने आ चुका है। हालांकि इतने बड़े स्तर पर लाखों रुपये कीमत की चीनी का गोदाम में बिना रिकार्ड के मिलने का मामला पहली बार सामने आया है। मिल में आपसी विवाद और मिल के पेराई सत्र को चलाने को लेकर अधिकारियों में तालमेल की कमी देखने को मिलती थी। गत पेराई सत्र व मौजूदा पेराई सत्र के दौरान कारखाने को चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामलों को किसी न किसी तरह से निपटा दिया गया था। हाल में चीनी मिल फिर से सुर्खियों में आ गया है। चीनी मिल परिसर के अंदर बने गोदाम में लाखों रुपये कीमत की चीनी का कोई वारिस रिकार्ड में नहीं होना बताया जा रहा है। उक्त चीनी को कारखाने में तैयार करके गोदाम तक जरूर पहुंचा दिया गया, लेकिन रिकार्ड में उक्त चीनी के 972 बैग नहीं मिले थे। जिसके बाद से चीनी मिल के अधिकारियों में खलबली मच गई थी। एमडी ने अपने स्तर पर टीम का गठन कर जांच करवाई तो मामले का खुलासा हुआ कि चीनी के 972 बैग तैयार करके गोदाम में किसके आदेश से बिना रिकार्ड के रखे गए है। ऐसे में मामले को लेकर अब तक कागजी कार्यवाही के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। मामला उजागर होने के बाद जिला उपायुक्त ने गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर को जांच सौंपी। जिसमें 15 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए थे। मामले में बुधवार को जांच अधिकारी ने गोदाम कीपर व स्टोर ईंचार्ज के फिर से बयान दर्ज किए है। वहीं दोनों के रिकार्ड का मिला किया है।

**चीनी की 20 लाख रुपये कीमत, बड़े अधिकारी भी संदेह के घेरे में आए:** चीनी के बैगों को वर्ष-2022-23 पेराई सत्र के दौरान कारखाने में तैयार किया गया है। यानी कि यह पिछले साल से छुपाकर मिल के हिस्से में रखी गई है। जिसे ठिकाने लगाने की कोशिश जरूर की गई होगी, लेकिन शायद इसमें सफलता नहीं मिली। मिल प्रबंधन के मौजूदा अधिकारियों की नजर इस पर पड़ी तो मामले की जांच शुरू की गई है। मिल के एमडी स्वयं मामले की जांच में जुट गए थे। सेल्स विभाग के कर्मचारियों को तलब कर सारा रिकॉर्ड मंगाया गया। जिसके बाद मामले का खुलासा हो पाया।



**सोनीपत।** मिल परिसर में बने गोदाम में जांच अधिकारी को जानकारी देते हुए एमडी चीनी मिल व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### मिल का घोटलों से पुराना नाता

*चीनी मिल में टेंडर, सामान खरीद सहित चीनी को लेकर मामले सामने आते रहते है। मौजूदा समय में 972 चीनी के बैग मिलने का खुलासा नया नहीं है। वर्ष 2013-14 के पेराई सत्र के दौरान गोदाम में 478 चीनी के बैग मिले है। इस घोटाले को विजिलेंस जांच के बाद करीब 13 आरोपितों के खिलाफ वर्ष 2020 में जाकर मामला दर्ज हुआ था। जानकारी मिली है कि उस दौरान भी जिला प्रशासनिक अधिकारियों व चीनी मिल के अधिकारियों ने मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन विजिलेंस जांच के बाद घोटाले का खुलासा हो पाया था। सालों तक चली जांच के बाद पुलिस मामला दर्ज कर पाई थी।*

#### 15 कर्मचारियों को जांच के लिए बुलाया

- मामले में नोटिस पाने वाले 15 कर्मचारियों को फिर से जांच के लिए बुलाया
- एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करके उपायुक्त को सौपेंगे जांच अधिकारी एसडीएम डा. निर्मल नागर
- चीनी मिल के एमडी ने अधिकारियों की सीटों का फेरबदल किया तो जांच में उजागर हुआ था मामला
- वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान तैयार हुई चीनी बिना रिकार्ड के थी गोदाम में मिली

#### किया रिकॉर्ड का मिलान

गोदाम में जांच के दौरान 972 चीनी के बैग बिना रिकार्ड के मिले है। इस संबंध में जांच अधिकारी बनाया गया है। बुधवार को दो कर्मचारी से फिर से पूछताछ की गई है। वहीं दोनों के रिकार्ड का मिलान किया गया है। एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को सौंपी जायेगी।

**डा. निर्मल सिंह,** एसडीएम गन्नौर व जांच अधिकारी।

## भाजपा का स्थापना दिवस 6 को मनाने को प्रमुखों की हुई बैठक



**गन्नौर।** भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा केन्द्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, मंडलध्यक्ष संजय गौत्तम, विकास त्यागी ने किया संबोधित

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के गन्नौर विधान सभा के चुनाव कार्यालय में शक्ति केन्द्र प्रमुखो की बैठक का आयोजन किया गया। जिसको विधान सभा सयोंजक के नाते भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने सम्बोधित किया। बैठक मे बूथ प्रबंधन समिति के लोकसभा सयोंजक पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकताअरं को आगामी कार्यक्रमों के बारे मे जानकारी दी और बूथ स्तर पर जन सम्पर्क करने के लिए आह्वान किया। जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, गन्नौर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, पुरखास मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, राजपुर मंडल अध्यक्ष नीरज ने भी अपने हिस्सा लिया। बैठक मे विशेष रूप से भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाने के लिए चर्चा की गई। नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, पार्षद नरेश वर्मा, अजय सरोहा विकास शर्मा, श्रवण कौशिक, नरेश कौशिक, राजेश पहल, सुखबीर प्रजापती, मनिद्र सन्नी, दिनेश स्वामी, चांद मोहम्मद, आबिद हुसैन बौबी हठवाल, श्रवण प्रजापति, राहुल कौशिक, शकुंतला राठी, मुकेश बैरागी, गायत्री देवी, अली हसन, संदीप पहल, नरेश त्यागी, नितेश त्यागी, पवन पुगथला, करण सिंह भाटिया, सुरेन्द्र खुराना, अजय जैन, अमन मुखिजा, अरविंद शर्मा सरपंच, राकेश कुमार, विस्तारक विनय शर्मा, वेद फौगाट, परविन्दर कादियान आदि मौजूद थे

#### किया जागरूक

कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे मे जानकारी दी और बूथ स्तर पर जन सम्पर्क करने के लिए आह्वान किया। जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, गन्नौर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, पुरखास मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, राजपुर मंडल अध्यक्ष नीरज ने भी अपने हिस्सा लिया।

## रोहतक रोड पर युवती से मोबाइल झपटा

- 28 मार्च की शाम को बाइक सवार तीन युवकों ने दिया वारदात को अंजाम
- घटना से घबराकर युवती ने परिजनों व पुलिस को नहीं दी जानकारी
- अब परिजनों को मामले से अवगत कराया, सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज
- पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को किया गिरफ्तार, अदालत में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रोहतक रोड फ्लाई ओवर के पास युवती का मोबाइल फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित चंदन निवासी बिहार, हाल में जीवन नगर मुरथल रोड व दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने नाबालिगों को बालसुधार गृह भेज दिया। वहीं चंदन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दहिया कॉलोनी निवासी मीनू ने बताया कि वह गत 28 मार्च को देर शाम करीब 8 बजे चंद्रा अस्पताल के पास वसुंधरा गार्डन से आईटीआई चौक होते हुए पैदल-पैदल अपने घर जा रही थी। वह आईटीआई चौक से फ्लाई ओवर की तरफ पहुंची। उसी दौरान वह अपने पापा से बातचीत कर रही थी। अचानक बाइक पर सवार युवक ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया। बाइक पर तीन युवक थे। उसने शोर मचाया, लेकिन बाइक सवार कालुपुर चुंगी की तरफ फरार हो गए। कई दिनों तक घर वालों के डर से उसने शिकायत नहीं दी। उसके बाद घर वालों को अवगत करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को काबू कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश किया। आरोपितों में दो नाबालिग है। जिन्हें अदालत ने बालसुधार गृह व आरोपित चंदन को न्याययिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला को बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष सोनिया मोर।

### सुभाष बराला के राज्यसभा सांसद बनने पर दी बधाई

**राई।** सुभाष बराला राज्यसभा सांसद के निर्वाचित होने पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया मोर ने बधाई दी। मोर ने बताया कि हरियाणा से राज्यसभा के लिए नामांकन भरने वाले भाजपा के एकमात्र प्रत्याशी सुभाष चंद्र बराला आज निर्वाचित घोषित हो गए। इस चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नामित रिटर्निंग ऑफिसर आईएएस डॉ. साकेत कुमार द्वारा उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर सोनीपत जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सोनिया मोर ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र की समृद्धि एवं खुशहाली में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## हवन के साथ किया नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन विद्यालय के परिसर में बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पहले दिन विद्या की देवी मां सरस्वती के आह्वान हेतु विशेष हवन एवं विद्याभिषेकम नामक थीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरूआत शिवा विद्यालय प्रांगण में स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और तिलक एवं माल्यार्पण से हुई। हवन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की वंदना से हुई तत्पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दिखाई। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों में आपसी तालमेल, अनुशासन और हर्षोल्लास का प्रस्तुतीकरण विशेषतः प्रशंसनीय रहा। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की 50वीं वर्षगांठ के लिए सभी को बधाई दी तथा नीट और आईआईटी की तैयारी हेतु विद्यालय प्रांगण में ही आईआईटी से स्वयं पढ़े हुए तथा प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों के प्रशिक्षकों और डॉक्टरों द्वारा विद्यालय की कक्षाओं में ही हर रोज पढ़ाने की व्यवस्था की बहुत सराहना की। बडौली ने कहा कि पूरे विश्व में नई भारतीय शिक्षा नीति का लोहा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में पढे हुए छात्र अनु कुमारी जैसे आईएएस के टॉपर बने हैं, आईआईटी के इंजीनियर, ऑल इंडिया जैसे अस्पतालों के डॉक्टर, पुलिस के बड़े अधिकारी, आर्मी के बड़े रैंकों के ऑफिसर, इनकम टैक्स अधिकारी आदि बन पाए हैं। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया तथा तिलक लगाकर नई कक्षाओं में प्रवेश कराया गया, जिससे बच्चे बहुत खुश नजर आए।



सोनीपत। हवन यज्ञ में उपस्थित विद्यार्थीगण साथ में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### खेत में काम कर रहे किसान पर ईंटो से हमला

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा में खेत में काम कर रहे किसान पर ईंटों से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 1 अप्रैल को देर शाम करीब 5 बजे खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान चिंकी खेवड़ा व तीन अन्य लड़के खेत में आए। उन्होंने आते ही मारना-पीटना शुरू कर दिया। चिंकी ने उसके पास खड़ी ईंट से सिर में हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद परिवार सहित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## स्टेशन पर सो रहे युवक का बैग चोरी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत स्टेशन पर सो रहे युवक का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। बैग में युवक के जरूरी कागजात व रुपये थे। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जीआरपी पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोर का कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव लुछाली बुलंदशहर यूपी निवासी शीलराज ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। वह अपने काम के लिए नरेला दिल्ली औद्योगिक क्षेत्र में आया था। उसके बाद उसने नरेला से एक्सप्रेस गाड़ी की टिकट लेकर सोनीपत आ गया। वह सोनीपत स्टेशन पर रात करीब 12 बजे पहुंचा। रात होने की वजह से वह स्टेशन परिसर में ही सो गया। रात करीब 1.30 बजे उसकी आंख खुली। उसका बैग गायब मिला। बैग में उसके कपड़े, कागजात, हाई स्कूल व इंटर सहित बीए प्रथम वर्ष व आईटीआई के कागजात सहित आठ सौ रुपये की राशि रखी हुई थी। अपने स्तर पर बैग की तलाश करता रहा, लेकिन बैग नहीं मिला। मामले को लेकर जीआरपी को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास ने बताया कि स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पौधारोपण कर मनाया दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी के नेता हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर इनसो नेताओं ने दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल में पौधरोपण किया। दुष्यंत चौटाला के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। पौधारोपण का फायदा बताते हुए शुभम नैन ने कहा कि

वृक्षारोपण के सबसे सामान्य उद्देश्यों में से एक, वनों को बढ़ावा देना है। पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमारे ग्रह का एक प्रमुख हिस्सा जंगलों के साथ ढंका गया है। हालांकि औद्योगिक युग की शुरूआत के बाद से वन तीव्र गति से काटे जा रहे हैं। इस मौके पर एमडी माच्छरी, आर्यन भारद्वाज, साहिल मोर, नेहा पांचाल, भुवनेश मलिक, प्रिशा आदि मौजूद रहे।

## शिविर में जांचा बच्चों के दांतों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों के दांतों के चेकअप के लिए मुफ्त शिविर का आयोजन किया गया। डा. सुनील कुमार वर्मा (सर्जन), डा. ज्योति वर्मा, डा. कुणाल कुमार वर्मा द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के दांतों का चैकअप किया गया। विद्यार्थियों के दांतों की जांच के साथ-साथ केविटी, दांत-दर्द व मसूड़ों की समस्याओं से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। डॉक्टरों की टीम द्वारा विद्यार्थियों को अपने मुंह तथा दांतों की सफाई के विषय में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी गई कि उन्हें अपने दांतों की सुरक्षा किस प्रकार करनी है। कुछ विद्यार्थियों ने अपने दांतों की समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे व डाक्टरों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, उपप्रधान पवन जैन, सचिव शशि भूषण जैन व प्राचार्या डा. नीरू ने डॉक्टरों की टीम का निःस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।




चिकित्सकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधान एवं अन्य।

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्री प्राइमरी विंग का शुभारंभ

**खरखौदा।** राम चौक में स्थित स्वतंत्र मिडिल स्कूल में प्री प्राइमरी विंग का शुभारंभ भजन कीर्तन का आयोजन करके किया गया। महावीर सत्संग सभा द्वारा इंदु विरमानी, नीतू विरमानी व रेनू विरमानी की मंडली द्वारा महावीर सतयुग दर्शन, हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण का पाठ करके विभिन्न तरह के बजरंगबली महाराज के भजन सुनाए गए। महिला श्रोताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भजनों का आनंद लिया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। स्कूल संचालक सुनील कोहाड़ ने बताया कि प्री प्राइमरी विंग में छोटे बच्चों के लिए एयर कंडीशन कमरों की व्यवस्था भी है।




### मैं भी इसका नाश करूंगा

किस्मत के धनी नेता आजकल अपनी ही पार्टी के नेता जोकि रेत का धंधा करते थे, उनके खिलाफ आग उगल रहे हैं। चाहे 2-4 लोग बैठे हों या फिर 10-20, जब भी उनके सामने रेत का धंधा करने वाले नेता का जिक्र होता है तो वे अपनी ही बिरादरी के इस नेता को अपनी बर्बादी का जिम्मेदार ठहराते हैं।



### बुलट, अबू फजल और अफसर

सचिवालय के अंग्रेज अफसर और ऊंची राजनीतिक पहुंच रखने वाले रेलवे रोड वाले अफसर की जोड़ी कमाल है। दोनों अफसरों पर इन दिनों बुलट का शौक चढ़ा हुआ है। बुलट पर गेड़ियां मारते हुए अफसरों के साथ एक और व्यक्ति को भी देखा गया है।



### भाभी जाने लगी पार्क, बाकियों ने किया बंद

मामला थोड़ा पुराना है, लेकिन है दिलचस्प। प्रदेश सरकार का हिस्सा रह चुकी भाभी जी ने कुछ समय पहले ही सेक्टर में अपने घर के पास बने पार्क में जाना शुरू किया था, उसके बाद से इलाके की अन्य महिलाओं ने पार्क में आना छोड़ दिया है। बताते हैं कि पड़ोस में रहने वाले एक महिला, जोकि एक नेता की बहन है, उन्होंने भाभी जी को बता दिया था कि ये महिलाएं उन्हें नकचढ़ी कहती थी।



### बेगानी शादी में अब्दुला दीवाना

पूर्व सीएम के दत्तक पुत्र की हाल ही में शादी हुई थी। राजधानी के पास हुए समारोह में तकरीबन 1 करोड़ रुपये का खर्चा हुआ है। शादी में तमाम छोटे-बड़े अफसरों ने हाजिरी लगाई थी। बताया जा रहा है कि शादी का पूरा खर्चा जीटी रोड वाले युवा नेता ने उठाया है। इसी बात पर किसी ने कहावत जोड़ दी, बेगानी शादी में अब्दुला दीवाना।

### 50 हजार की ग्रांट बन सकती है गले

एक महिला नेत्री जोकि सरकारी पद पर भी है, जल्द ही ग्रांट के चक्कर में फंसने वाली है। सुना है कि महिला नेत्री ने कुछ साल पहले फर्जी हादसा दिखाकर अपने इलाज के लिये ग्रांट ली थी। अब इस मामले में जांच अंतिम चरण तक पहुंच चुकी है। इसीलिये जल्द ही महिला नेत्री को बुलावा आ सकता है। बता दें कि महिला नेत्री थानों में सेटिंग के मामले में खूब मशहूर है।